हमारी भी ले लो खबर डमरूवाले

हमारी भी ले लो खबर डमरूवाले,
जपूँ नाम आठों पहर डमरूवाले,

दुखिया गरीब जो भी तेरा नाम ले लिया,
उसका है भोलेनाथ पूर्ण काम कर दिया,
आया शरण मे जो भी निहाल हो गया,
तेरी कृपा से एकदम ओ खुशहाल हो गया,
शहेंशाह हो या महादीन दुखिया,
सब पर है रखते नज़र डमरूवाले,

जटा बीच गंगा को सवारा है आपने,
मस्तक पर चंद्रमा को संभाला है आपने,
अपनी व्यथा को जो भी तुमको सुना दिया,
उसकी भोले शंकर तू बिगड़ी बना दिया,
मेरी टेर सुनकर नही आ रहे हो,
क्या भक्ति में है कुछ कसर डमरूवाले,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/6134/title/hamari-bhi-le-lo-kharbar-damruvale-japu-naam-atho-pehar-damruvale

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |